# 27 सितम्बर 2019 Current Affairs – Download Pdf

By **admin** - September 27, 2019

*Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)*

*Like share & subscribe*

*www.studymasterofficial.com*

*join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

## 27 सितम्बर 2019 CURRENT AFFAIRS – DOWNLOAD PDF

प्रश्न 1. फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल ने हाल ही में किस कंपनी में 739 करोड़ रुपए में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है?
क. टीसीएस
क. विप्रो
ग. एयरइंडिया
घ. सीआरआईडीएस

**उत्तर:** घ. सीआरआईडीएस – फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल ने हाल ही में चैतन्य रूरल इंटरमीडिएशन डेवलपमेंट सर्विसेज (सीआरआईडीएस) में 739 करोड़ रुपए में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है और वे इस कंपनी के सीईओ का पद भी संभालेंगे. इस कंपनी का ज्यादातर कारोबार माइक्रोफाइनेंस से जुड़ा है.

---

प्रश्न 2. हाल ही में यूगोव के द्वारा किये गए सर्वे के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी के बाद कौन देश का दूसरा सबसे प्रशंसनीय व्यक्ति है?
क. सचिन तेंदुलकर
ख. रणवीर सिंह
ग. वरुण धवन
घ. महेंद्र सिंह धोनी

**उत्तर:** घ. महेंद्र सिंह धोनी – हाल ही में यूगोव (YouGov) के के द्वारा किये गए सर्वे के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी के बाद क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी भारत के दूसरे सबसे प्रशंसनीय व्यक्ति है. इस सर्वे में पीएम मोदी को (15.66%) ऐडमायरेशन रेटिंग और एमएस धोनी 8.58% अंकों के साथ दूसरा स्थान मिला है.

---

प्रश्न 3. निम्न में से कौन सी महिला खिलाडी विश्व की टॉप 25 प्रशंसनीय महिलाओं की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय हैं?
क. मिताली राज
ख. पीवी सिन्धु
ग. मैरी कॉम
घ. साइना नेहवाल

**उत्तर:** ग. मैरी कॉम – हाल ही में किये गए एक सर्वे के मुताबिक, भारतीय महिला बॉक्सर मैरी कॉम विश्व की टॉप 25 प्रशंसनीय महिलाओं की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय हैं और वे 25वें स्थान पर हैं. साथ ही मैरी कॉम सबसे अधिक प्रशंसनीय भारतीय महिला की सूची में पहले स्थान पर है.

प्रश्न 4. पीआर कंपनी डब्ल्यूपीपी की रैंकिंग में किसे लगातार छठे वर्ष देश का मोस्ट वैल्यूएबल ब्रांड घोषित किया गया है?
क. कोटक महिंद्रा बैंक
ख. एलआईसी
ग. एशियन पेंट्स
घ. एचडीएफसी बैंक

**उत्तर:** घ. एचडीएफसी बैंक – पीआर कंपनी और एडवरटाइजिंग कंपनी डब्ल्यूपीपी की रैंकिंग में लगातार छठे वर्ष एचडीएफसी बैंक को मोस्ट वैल्यूएबल ब्रांड घोषित किया गया है. इस ब्रांड की वैल्यू 22.70 अरब डॉलर है जबकि एलआईसी की 1.43 लाख करोड़ रुपए है और वह दुसरे नंबर पर है. इस रैंकिंग में रिलायंस जियो 9वे स्थान पर है.

---

प्रश्न 5. आईआईएफएल वेल्थ-हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के मुताबिक मुकेश अम्बानी लगातार कौन से वर्ष देश के सबसे बड़े अमीर व्यक्ति रहे है?
क. 5वें वर्ष
ख. 7वें वर्ष
ग. 8वें वर्ष
घ. 12वें वर्ष

**उत्तर:** ग. 8वें वर्ष – आईआईएफएल वेल्थ-हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के मुताबिक मुकेश अम्बानी लगातार 8वें वर्ष देश के सबसे बड़े अमीर व्यक्ति रहे है. उनकी नेटवर्थ 3.80 लाख करोड़ रुपए है. दुसरे नंबर पर एसपी हिंदुजा परिवार है जिनकी नेटवर्थ 1.86 लाख करोड़ रुपए है.

## Hindi Geography – GK Question and Answer in Hindi (PART-6) – Download Pdf

---

प्रश्न 6. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने किसे अपनी संस्था का नया प्रबंध निदेशक और कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है?
क. जेम्स अलेक्स
ख. सिमोन बूस्टर
ग. क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा
घ. टोरी जॉर्जीएवा

**उत्तर:** ग. क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा – अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने बुल्गारिया की क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा को अपनी संस्था का नया प्रबंध निदेशक और कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है. उनका चयन 189 देशों के सदस्यों वाली संस्था के 24 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड ने किया है. क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा वर्ष 2017 से विश्व बैंक की सीईओ रही है.

प्रश्न 7. बीसीसीआई के पूर्व चैयरमैन एन श्रीनिवासन की बेटी रूपा गुरुनाथ को किस क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है?
क. कोलकाता क्रिकेट एसोसिएशन
ख. दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन
ग. गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन
घ. तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन

**उत्तर:** घ. तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन – बीसीसीआई के पूर्व चैयरमैन एन श्रीनिवासन की बेटी रूपा गुरुनाथ को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है. साथ ही वे भारत की पहली ऐसी महिला बन गई हैं, जिनको स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है.

---

प्रश्न 8. निम्न में से किस देश के राष्ट्रपति ने 100 फुटबाल मैदानों जितने आकार वाले एक नए एयरपोर्ट की शुरुआत की है?
क. चीन
ख. अमेरिका
ग. ऑस्ट्रेलिया
घ. साउथ कोरिया

**उत्तर:** क. चीन – चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हाल ही में 100 फुटबाल मैदानों जितने आकार वाले एक नए एयरपोर्ट की शुरुआत की है. यह एयरपोर्ट (बीजिंग दाक्सिंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) मछली जैसा दिखने वाला है. यह एयरपोर्ट वर्ष 2040 से पूरी क्षमता चलना शुरू होगा और इस एयरपोर्ट में 8 रनवे होंगे. इस एयरपोर्ट का कोड नाम पीकेएक्स है.

---

प्रश्न 9. अमेरिका ने किस देश से कच्चा तेल खरीदने के लिए चीन की कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?
क. इराक
ख. ईरान
ग. सऊदी अरब
घ. जापान

**उत्तर:** ख. ईरान – संयुक्त राज्य अमेरिका ने हाल ही में ईरान से कच्चा तेल खरीदने के लिए चीन की कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है. अमेरिका के राज्य सचिव माइक पोम्पियो ने कहा है की यह प्रतिबन्ध अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए लगाए गए है.

प्रश्न 10. 2 वर्ष पहले ह्यूमन स्पेस मिशन की तैयारी करने वाले किस देश ने अपना पहला एस्ट्रोनॉट अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भेजा है?
क. चीन
ख. अमेरिका
ग. ऑस्ट्रेलिया
घ. संयुक्त अरब अमीरात

**उत्तर:** घ. संयुक्त अरब अमीरात – 2 वर्ष पहले ह्यूमन स्पेस मिशन की तैयारी करने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपना पहला एस्ट्रोनॉट अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भेजा है. इसके साथ ही पहली बार ही किसी इस्लामिक देश से कोई एस्ट्रोनॉट ISS पहुंचा है. यूएई की इस उपलब्धि पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी.

---

**बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:**

26 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स – Download Pdf

DOWNLOAD PDF

admin